# पाठ – हिन्द महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान

**कविता का सारांश**

हिन्द महासागर में छोटा सा हिन्दुस्तान एक यात्रावृत्तांत है जिसके लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' है। इन्होंने वीरता उत्साह और देशप्रेम से परिपूर्ण रचनाओं का सृजन किया है। इनकी चर्चित पुस्तकें मिर्च का मज़ा पक्कू को सूझ और सूरज का व्याह इत्यादि है।

**नैरोबी (केन्या) का वर्णन**

लेखक ने नैरोबी की यात्रा की। वह नेशनल पार्क घूमने गए। उन्होंने देखा कि शहर से बाहर बहुत बड़ा जंगल है जिसमें घास अधिक है और पेड़ बहुत कम है। सभी जगह अच्छी सड़कें हैं जहाँ पर पर्यटकों की गाड़ियाँ दौड़ती नज़र आती हैं। उन्होंने देखा कि उन गाड़ियों पर तरह-तरह के बंदर और लंगूर चढ़े हुए हैं। सात आठ सिंह भी सोए हुए थे। सोते हुए सिंहों को पर्यटक अपनी गाड़ियों को रोककर देख रहे थे। कुछ मील भर की दूरी पर उन्होंने हिरनों का झुंड देखा।

**मॉरिशस का वर्णन**

लेखक बी. ओ. ए. सी. जहाज से मॉरिशस पहुँचे। उन्होंने बताया है कि मॉरिशस द्वीप भूमध्य रेखा से कोई बीस डिग्री दक्खिन और देशांतर रेखा 60 के बिल्कुल पास है। इसकी लम्बाई 29 मोल और चौड़ाई कोई 30 मील है। यह द्वीप हिन्द महासागर का मोती है। यहाँ की जनसंख्या के 67% लोग भारतीय है तथा 53% लोग हिन्दू हैं। चूँकि यहाँ के हिन्दुओं में से अधिकांश बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग है। यहाँ की राजभाषा अंग्रेज़ी है। जनता क्रोयोल भाषा बोलती है। मॉरिशस कृषि प्रधान द्वीप है। चीनी यहाँ का प्रमुख अथवा एकमात्र उद्योग है। भारत के पर्व भी मॉरिशस में प्रचलित हैं। शिवरात्रि के समय यहाँ के हिन्दू श्वेत वस्त्र धारण करके कंधों पर काँवर लिए जुलूस बाँधकर परी तालाब पर जाते हैं और जलभर अपने गाँव लौट जाते हैं।

**शब्दार्थ –**

- **लोभ** – लालच
- **नेशनल पार्क** – राष्ट्रीय उद्यान, जहाँ वन्यजीव संरक्षित होते हैं
- **पर्यटक** – घूमने-फिरने वाले व्यक्ति, यात्री
- **तुर्रा यह कि** – आश्चर्य की बात यह कि
- **दृष्टिपात** – देखना, निगाह डालना
- **तुच्छातितुच्छ** – अत्यंत नीच
- **देह को तानना** – शरीर को खींचना या फैलाना
- **खरपात** – अनावश्यक और छोटे पौधे
- **बदतर** – बुरा
- **मील-भर की दूरी** – लगभग 1.609344 किलोमीटर की दूरी
- **मोर्चे पर आगे बढ़ना** – छिपते हुए शिकार की ओर बढ़ना
- **ताड़ लिया** – भाँप लिया, समझ लिया
- **ठिठकना** – रुक जाना, झिझकना
- **सहज प्रवृत्ति** – प्राकृतिक स्वभाव, नैसर्गिक आदत
- **निरापद** – सुरक्षित

- **रक्तचाप** – रक्त (खून) का दबाव
- **बी.ओ.ए.सी.** – ब्रिटिश ओवरसीज एयरवेज कॉरपोरेशन, एक विमान सेवा
- **स्वागत का समाँ** – स्वागत का दृश्य या माहौल
- **छोटे पैमाने पर भारत** – भारत की तरह ही किंतु छोटे रूप में
- **भूमध्य रेखा** – पृथ्वी के मध्य में स्थित काल्पनिक रेखा
- **देशांतर रेखा** – पूर्व-पश्चिम दिशा में खींची गई काल्पनिक रेखाएँ
- **दक्खिन** – दक्षिण दिशा
- **पच्छिम** – पश्चिम दिशा
- **रकबा** – क्षेत्रफल
- **हिंद महासागर का मोती** – बहुत सुंदर द्वीप
- **भारत-समुद्र का सितारा** – हिंद महासागर का सबसे सुंदर स्थान
- **खानदान** – वंश, परिवार की पीढ़ी
- **राजधानी** – मुख्य शहर जहाँ सरकार स्थित होती है
- **पोर्टलुई** – मॉरिशस की राजधानी
- **मोहल्ला** – नगर या शहर का एक भाग, कॉलोनी
- **रिवाज़** – परंपरा, प्रथा
- **माध्यमिक स्कूल** – हाई स्कूल स्तर का विद्यालय
- **विस्तृत प्रचार** – व्यापक प्रसार, अधिक प्रचलन
- **राजभाषा** – आधिकारिक भाषा
- **क्रेयोल** – फ्रेंच से विकसित एक स्थानीय भाषा
- **प्रायः** – अक्सर
- **बखूबी** – अच्छी तरह से
- **शाहाबाद, सारन** – बिहार के ज़िले, जहाँ शुद्ध भोजपुरी बोली जाती है
- **ऊख** – गन्ना
- **व्यवसाय** – व्यापार, धंधा
- **कृषि-प्रधान** – कृषि आधारित, खेती पर निर्भर
- **प्रमुख** – मुख्य, सबसे महत्वपूर्ण
- **टापू** – द्वीप, समुद्र से घिरा हुआ भूभाग
- **असंभव** – जो संभव न हो, कठिन
- **कारखाने** – फैक्ट्री, मिल
- **प्राणवती** – जीवंत, ऊर्जा से भरी
- **चिरायु** – लम्बे समय तक जीवित रहने वाली
- **प्राणवत्ता** – जीवंतता, सजीवता
- **क्रिस्तान** – ईसाई धर्म अपनाने वाले
- **अत्याचार** – अन्याय

egyanarchive

- **प्रलोभन** – लालच
- **ठुकराना** – अस्वीकार करना, मना करना
- **गर्व** – सम्मान, अभिमान
- **प्रमुख ग्राम** – मुख्य गाँव
- **शिवालय** – शिव मंदिर
- **तुलसीकृत रामायण** – गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस
- **पाठ** – ग्रंथ का वाचन
- **झाँझ** – एक प्रकार का वाद्य यंत्र
- **सुरम्य** – सुंदर, रमणीय
- **तीर्थ स्थान** – धार्मिक स्थल
- **प्रचलित** – प्रचलन में, प्रायः मनाया जाने वाला
- **सर्वश्रेष्ठ** – सबसे उत्तम, श्रेष्ठतम
- **शिवरात्रि** – भगवान शिव को समर्पित एक प्रमुख हिंदू त्योहार
- **झील** – तालाब, जलाशय
- **अपवित्रता** – अशुद्धता, धर्म-विरुद्ध आचरण
- **व्यापार** – गतिविधि, कार्य
- **जुलूस बाँधकर** – समूह में एकत्र होकर यात्रा करना
- **भक्ति-भावना** – श्रद्धा और समर्पण की भावना
- **पवित्रता** – शुद्धता, धार्मिक शुद्धता
- **वयस्क** – बड़े लोग
- **गाँधी टोपी** – महात्मा गाँधी के नाम पर प्रसिद्ध सफेद टोपी
- **मेला** – धार्मिक या सांस्कृतिक उत्सव
- **प्रमुख आकर्षण** – मुख्य देखने योग्य चीज

## पाठ से

**मेरी समझ से**

**1. (क) नीचे दिए गए प्रश्नों का सटीक उत्तर कौन-सा है? उसके सामने तारा (☆) बनाइए।**

**(1) हिरण समूह में क्यों खड़े थे?**

- भागने पर उन्हें सिंह के आक्रमण का डर था।
- वे भाग चुके हिरणों के लौटने की प्रतीक्षा में थे।
- वे बीच खड़े असावधान जिराफ़ की रक्षा कर रहे थे।
- सिंह उनसे उदासीन थे अतः उन्हें कोई खतरा नहीं था।

उत्तर – **भागने पर उन्हें सिंह के आक्रमण का डर था। (☆)**

egyanarchive

(2) **मॉरिशस छोटे पैमाने पर भारतवर्ष ही है। कैसे?**

- गन्ने की खेतों अधिकतर भारतीयों द्वारा की जाती है।
- अधिकतर जनसंख्या भारत से जाने वालों की है।
- सभी भारतवासी परी तालाब पर एकत्रित होते हैं।
- भारत की बहुत-सी विशेषताएँ वहाँ दिखाई देती है।

उत्तर – **भारत की बहुत-सी विशेषताएँ वहाँ दिखाई देती है। (☆)**

**(ख) अपने मित्रों के साथ चर्चा कीजिए और कारण बताइए कि आपने ये उत्तर ही क्यों चुने?**

उत्तर – हमने इन उत्तरों को इसलिए चुना क्योंकि इन बिन्दुओं का वर्णन पाठ के अन्तर्गत हुआ है।

## पंक्तियों पर चर्चा

**पाठ में चुनकर कुछ पंक्तियाँ नीचे दी गई हैं। इन्हें ध्यान से पढ़िए और इनका अर्थ लिखिए।**

**प्रश्न** – "भारत में बैठे-बैठे हम यह नहीं समझ पाते कि भारतीय संस्कृति कितनी प्राणवती और चिरायु है। किन्तु, मॉरिशस जाकर हम अपनी संस्कृति की प्राणवत्ता का ज्ञान आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।"

उत्तर – लेखक का मानना है कि जो चीज़ हमारे पास होती है हम उसका महत्त्व नहीं समझ पाते लेकिन दूसरा व्यक्ति उस वस्तु का महत्त्व समझता है। भारत में बैठकर हम लोग यह बिल्कुल नहीं समझ पाते हैं कि यहाँ की संस्कृति कितनी प्राणवती है लेकिन मॉरिशस में जाकर पता चला कि भारतीय संस्कृति कितनी महत्त्वपूर्ण है अर्थात् हम अपनी संस्कृति की प्राणवत्ता का ज्ञान आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।

## सोच-विचार के लिए

इस यात्रा-वृत्तांत को एक बार फिर से पढ़िए और निम्नलिखित के बारे में पता लगाकर अपनी लेखन पुस्तिका में लिखिए-

**(क) "नैरोबी का नेशनल पार्क चिड़ियाघर नहीं है।" नेशनल पार्क और चिड़ियाघर में क्या अंतर है?**

उत्तर – **नेशनल पार्क और चिड़ियाघर में थोड़ा अन्तर होता है-**

- नेशनल पार्क शहर से बाहर बहुत बड़े जंगल में होता है जबकि चिड़ियाघर के लिए एक निश्चित स्थान होता है।
- नेशनल पार्क में शेर और हिरणों का समूह स्वतंत्र रूप से विचरण करता है जबकि चिड़ियाघर में पशु पक्षी, हिरण इत्यादि जानवर एक सीमित क्षेत्र में रहते हैं।

**(ख) "हम लोग पेड़-पौधे और खरपात से भी बदतर समझे गए।" वे कौन थे जिन्होंने लेखक और अन्य लोगों को पेड़ पौधों और खरपात से भी बदतर समझ लिया था? उन्होंने ऐसा क्यों समझ लिया था?**

उत्तर – सिंहों ने लेखक तथा अन्य पर्यटकों को तुच्छातितुच्छ समझा क्योंकि उन्होंने इन सभी लोगों को नहीं देखा बल्कि पेड़-पौधों को देख रहे थे। तभी एक सिंह ने उठकर जम्हाई ली। तब लेखक को लगा कि वह और अन्य लोग पेड़-पौधों और खरपात से भी बदतर हैं।

**(ग) "मॉरिशस की असली ताकृत भारतीय लोग ही हैं।" पाठ में इस कथन के समर्थन में कौन-सा तर्क दिया गया है?**

**उत्तर –** मॉरिशस की जनसंख्या के 67% लोग भारतीय खानदान के है तथा वहाँ 53% लोग हिन्दू हैं। अब उन्हें खेती में सफलता भी भारतीयों के कारण प्राप्त हुई, इसलिए मॉरिशस की असली ताकत भारतीय लोग ही है।

**(घ) "उस द्वीप को उन्होंने छोटा सा हिन्दुस्तान बना डाला।" भारत से गए लोगों ने मॉरिशस को हिन्दुस्तान जैसा कैसे बना दिया है?**

**उत्तर –** मॉरिशस वह देश है जहाँ बनारस भी गोकुल भी और ब्रह्म स्थान भी है। यह द्वीप हिन्द महासागर का मोती है। यहाँ 67% लोग भारतीय है, इसलिए लेखक ने कहा कि उस द्वीप को उन्होंने छोटा-सा हिन्दुस्तान बना डाला।

## मिलकर करें मिलान

पाठ में से कुछ शब्द चुनकर स्तम्भ-1 में दिए गए हैं। उनसे सम्बन्धित वाक्य स्तम्भ-2 में दिए गए हैं। अपने समूह में इन पर चर्चा कीजिए और रेखा खींचकर शब्दों का मिलान उपयुक्त वाक्यों से कीजिए।

| स्तम्भ-1 | स्तम्भ-2 |
|---|---|
| 1. अफ्रीका | 1. यह अफ्रीका महाद्वीप के एक देश 'केन्या' की राजधानी है। |
| 2. नैरोबी | 2. यह श्रीराम के जीवन पर आधारित अमर ग्रंथ 'रामचरितमानस' लिखने वाले कवि का नाम है। |
| 3. रक्तचाप | 3. यह एशिया के बाद दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप है। |
| 4. बी.ओ.ए.सी. | 4. यह रक्त वाहिनियों अर्थात नसों में बहते रक्त द्वारा उनकी दीवारों पर डाले गए दबाव का नाम है। |
| 5. भूमध्य रेखा | 5. यह दो भाषाओं के मिलने से बनी नई भाषा का नाम है। |
| 6. देशान्तर रेखा | 6. यह 'ब्रिटिश ओवरसीज एयरवेज कॉरपोरेशन' नाम का छोटा रूप है। यह एक बहुत पुरानी विदेशी विमान कम्पनी थी। |
| 7. तुलसीदास | 7. यह पृथ्वी के चारों ओर एक काल्पनिक वृत्त है जो पृथ्वी को दो भागों में बाँटता है- उत्तरी भाग और दक्षिणी भाग। |
| 8. क्रेयोल | 8. यह बाँस का एक मज़बूत डंडा होता है जिसे कांवड़ या बहंगी भी कहा जाता है, जिसके दोनों सिरों पर बंधी हुई दो टोकरियों या छीकों में यात्री गंगाजल या अन्य वस्तुएँ भरकर ले जाते हैं। |
| 9. काँवर | 9. ये ग्लोब पर उत्तर से दक्षिण की ओर खींची जाने वाली काल्पनिक रेखाएँ हैं। ये उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से मिलाती है। |

**उत्तर –**

| स्तम्भ-1 | स्तम्भ-2 |
|---|---|
| 1. अफ्रीका | **3. यह एशिया के बाद दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप है।** |
| 2. नैरोबी | **1. यह अफ्रीका महाद्वीप के एक देश 'केन्या' की राजधानी है।** |
| 3. रक्तचाप | **4. यह रक्त वाहिनियों अर्थात नसों में बहते रक्त द्वारा उनकी दीवारों पर डाले गए दबाव का नाम है।** |
| 4. बी.ओ.ए.सी. | **6. यह 'ब्रिटिश ओवरसीज एयरवेज कॉरपोरेशन' नाम का छोटा रूप है। यह एक बहुत पुरानी विदेशी विमान कम्पनी थी।** |
| 5. भूमध्य रेखा | **7. यह पृथ्वी के चारों ओर एक काल्पनिक वृत्त है जो पृथ्वी को दो भागों में बाँटता है- उत्तरी भाग और दक्षिणी भाग।** |

| | |
|---|---|
| 6. देशान्तर रेखा | **9. ये ग्लोब पर उत्तर से दक्षिण की ओर खींची जाने वाली काल्पनिक रेखाएँ हैं। ये उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से मिलाती है।** |
| 7. तुलसीदास | **2. यह श्रीराम के जीवन पर आधारित अमर ग्रंथ 'रामचरितमानस' लिखने वाले कवि का नाम है।** |
| 8. क्रेयोल | **5. यह दो भाषाओं के मिलने से बनी नई भाषा का नाम है।** |
| 9. काँवर | **8. यह बाँस का एक मज़बूत डंडा होता है जिसे कांवड़ या बहंगी भी कहा जाता है, जिसके दोनों सिरों पर बंधी हुई दो टोकरियों या छीकों में यात्री गंगाजल या अन्य वस्तुएँ भरकर ले जाते हैं।** |

## यात्रा-वृत्तांत की रचना

**प्रश्न** – इस पाठ को एक बार फिर से पढ़िए और इसकी रचना पर ध्यान दीजिए। आपको जो विशेष बातें दिखाई दें, उन्हें लिखें।

**उत्तर** – पाठ में निहित विशेष बातें इस प्रकार हैं-

- नैरोबी नेशनल पार्क में घूमने के लिए लेखक निकले।
- यह पार्क शहर से बाहर बड़ा जंगल है।
- कई मील भर की दूरी पर उन्हें हिरनों का झुंड दिखाई दिया।
- सिंह, शिकार सूर्यास्त के बात करते हैं।
- मॉरिशस ट्रीप भूमध्य रेखा से कोई बीस डिग्री दक्खिन और देशांतर से 60 के बिल्कुल पास किंतु उससे पश्चिम की और बसा हुआ है।

## अनुमान या कल्पना से

**"मॉरिशस वह देश है, जहाँ बनारस भी है, गोकुल भी है और ब्रह्मस्थान भी।"**

**(क) मॉरिशस में लोगों ने गली मोहल्लों के नाम इस तरह के क्यों रखे होंगे?**

**उत्तर** – मॉरिशस में लोगों ने गली मोहल्लों के नाम इस तरह इसलिए रखे होंगे क्योंकि उन्हें ऐसा लगे कि वे भारत में ही रह रहे हों तथा मॉरिशस में भारत की भाँति त्योहारों को मनाया जाता है।

**(ख) केन्या का राष्ट्रीय पार्क पर्यटकों से भरा रहता है। पर्यटक जंगली जानवरों को घेरे रहते हैं। क्या इसका उन पशुओं पर कोई प्रभाव पड़ता होगा? अपने उत्तर के कारण भी बताइए।**

**उत्तर** – पर्यटक जंगली जानवरों को घेरे रहते हैं, इसका उन पशुओं पर कोई प्रभाव पड़ता होगा क्योंकि वे अपने पास पर्यटकों को देखते हैं जो उन्हें पसन्द नहीं होता। इन जंगली जानवरों को स्वतंत्र रूप से विचरण करना पसन्द होता है। कभी-कभी जानवर भयभीत होकर पर्यटकों की गाड़ियों पर हमला कर देते हैं।

**(ग) "हिरनों का एक झुंड दिखाई पड़ा जिनके बीच एक जिराफ़ बिल्कुल बेवकूफ़ की तरह खड़ा था।" सिंहों के आस-पास होने के बाद भी जिराफ़ क्यों खड़ा रहा होगा?**

**उत्तर** – सिंहों के आस-पास होने के बाद भी जिराफ़ इसलिए खड़ा रहा होगा क्योंकि वह भी अपने झुंड से अलग हो गया होगा या रास्ता भूल गया होगा।

**(घ) "मॉरिशस के मध्य में एक झील है, जिसका संबंध हिन्दुओं ने परियों से है। उस झील का नाम 'परी-तालाब' क्यों पड़ा होगा?**

**उत्तर –** क्योंकि इस झील को परियों से जोड़ा गया है। यह केवल तीर्थ ही नहीं दृश्य से पिकनिक का भी स्थान है।

**(ङ) लगभग 50 साल पहले 'परी-तालाब' का नाम बदलकर 'गंगा-तालाब' कर दिया गया है। मॉरिशस के लोगों ने यह नाम क्यों रखा होगा?**

**उत्तर –** मॉरिशस के लोगों ने यह नाम इसलिए रखा होगा क्योंकि मॉरिशस के अधिकांश लोग भारतीय है। भारतीयों की पवित्र नदी गंगा है, इसलिए उन्होंने गंगा तालाब नाम दिया होगा।

## शब्दों की बात

### संज्ञा के स्थान पर

(क) नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को पहचानिए और उनके नीचे रेखा खाँचिए-

**उत्तर – (छात्रों को पुस्तक में स्वयं करने को कहें।)**

1. "हाँ, बच्चे हाफ पैंट पहन सकते हैं, लेकिन गांधी टोपी उस दिन **उन्हें** भी पहननी पड़ती है।"
2. "भारतीयों ने अत्याचार तो सहे, लेकिन प्रलोभनों को ठुकरा दिया। **वे** अपने धर्म पर डटे रहे और जिस द्वीप में भगवान ने **उन्हें** भेज दिया था, **उस** द्वीप को **उन्होंने** छोटा सा हिन्दुस्तान बना डाला।"

**(ख) ऊपर दिए गए दोनों वाक्यों को सर्वनाम की जगह संज्ञा शब्द लगाकर लिखिए।**


**उत्तर – (छात्रों को कॉपी में स्वयं करने को कहें।)**


1. "हाँ, बच्चे हाफ पैंट पहन सकते हैं, लेकिन गांधी टोपी उस दिन **बच्चों को** भी पहननी पड़ती है।"
2. "भारतीयों ने अत्याचार तो सहे, लेकिन प्रलोभनों को ठुकरा दिया। **भारतीय** अपने धर्म पर डटे रहे और जिस द्वीप में भगवान ने **भारतीयों को** भेज दिया था, **मॉरिशस** द्वीप को **भारतीयों ने** छोटा सा हिन्दुस्तान बना डाला।"


## पहचान पाठ के आधार पर

आपने इस यात्रा-वृत्तांत में तीन देशों के नाम पड़े हैं-भारत, केन्या और मॉरिशस। पाठ में दी गई जानकारी के आधार पर बाकी दोनों देशों को पहचानिए।

**उत्तर –** (छात्र स्वयं पहचाने और मानचित्र में ढूँढें।)




MAURITIUS LOCATION MAP
150°W 120°W 90°W 60°W 30°W 0° 30°E 60°E 90°E 120°E 150°E 180°
ARCTIC OCEAN
Arctic Circle
60°N
30°N
Tropic of Cancer
ATLANTIC OCEAN
PACIFIC OCEAN
Equator
0°
MAURITIUS
INDIAN OCEAN
Tropic of Capricorn
30°S
PACIFIC OCEAN
60°S
Antarctic Circle
SOUTHERN OCEAN
0
2,000 Miles
0
2,000
4,000 Kilometers


KENYA LOCATION MAP
150°W 120°W 90°W 60°W 30°W 0° 30°E 60°E 90°E 120°E 150°E 180°
ARCTIC OCEAN
Arctic Circle
60°N
30°N
Tropic of Cancer
ATLANTIC OCEAN
PACIFIC OCEAN
PACIFIC OCEAN
Equator
0°
KENYA
INDIAN OCEAN
Tropic of Capricorn
30°S
60°S
Antarctic Circle
SOUTHERN OCEAN
0
2,000 Miles
0
2,000
4,000 Kilometers

## पाठ से आगे

**आपकी बात**

**(क) "वहाँ जो कुछ देखा, वह जन्मभर कभी नहीं भूलेगा।" क्या आपने कभी ऐसा कुछ देखा, सुना या पढ़ा है जिसके बारे में आपको लगता है कि आप उसे कभी नहीं भूल सकेंगे?**

**उत्तर – (छात्रों को कॉपी में स्वयं करने को कहें।)**

हाँ मैंने भी दिल्ली का चिड़ियाघर देखा है जहाँ अनेक प्रकार के पक्षी है। उन्हें मैं कभी नहीं भूल सकता।

**(ख) "हमें अफ्रीका के शेरों से मुलाकात कर लेनी चाहिए।" आपने अब तक किन-किन पशु-पक्षियों से 'मुलाकात' की है? वह मुलाकात कहाँ हुई थी? बताइए।**

**उत्तर – (छात्रों को कॉपी में स्वयं करने को कहें।)**

मैंने शेर से मुलाकात की है। वह मुलाकात उत्तराखण्ड में हुई थी।

(ग) "यह ऐसी सफलता की बात है. जिस पर सभी भारतीयों को गर्व होना चाहिए।" आपको किन-किन बातों पर गर्व होता है? बताइए।

**उत्तर – (छात्रों को कॉपी में स्वयं करने को कहें।)**

हम भारतीय हैं, इसलिए हम अतिथियों का सत्कार करते हैं। इस बात पर हमें गर्व है।

## कक्षा और घर की भाषाएँ

"प्रायः सभी भारतीय भोजपुरी बोलते अथवा उसे समझ लेते है। यहाँ तक कि भारतीयों के पड़ोस में रहने वाले चीनी भी भोजपुरी बखूबी बोल लेते हैं।"

**प्रश्न** – आप कौन-कौन-सी भाषाएँ बोल-समझ लेते हैं? आपके मित्र कौन-कौन सी भाषाएँ बोल समझ लेते हैं? इसके बारे में यहाँ दी गई तालिका को पूरा कीजिए-

*(संकेत- इस तालिका को पूरा करने के लिए आपको अपने मित्रों और परिजनों से पूछताछ करनी होगी। पहले भाषाओं के नाम लिखने हैं. बाद में उन नामों को गिनकर उनकी कुल संख्या लिखनी है।)*

**उत्तर – (छात्रों को पुस्तक में स्वयं करने को कहें।)**

| **क्रम संख्या** | **मैं जिन भाषाओं को बोल समझ लेता/लेती हूँ** | **मेरे मित्र जिन भाषाओं को बोल-समझ लेते हैं** | **मेरे परिजन जिन भाषाओं को बोल-समझ लेते है।** |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी | हिंदी | हिंदी |
| 2. | अंग्रेजी | अंग्रेजी | अंग्रेजी |
| 3. | संस्कृत | संस्कृत | |
| 4. | पंजाबी | | |
| 5. | | | |
| कुल संख्या | 4 | 3 | 2 |

## प्रशंसा या सराहना विभिन्न प्रकार से

"यह द्वीप हिन्द महासागर का मोती है, भारत-समुद्र का सबसे खूबसूरत सितारा है।"

इस पाठ में लेखक ने मॉरिशस की सराहना में यह वाक्य लिखा है। सराहना करने के लिए 'दिनकर' ने द्वीप की तुलना मोती और तारे से की है।

**प्रश्न** – किसी की सराहना अनेक प्रकार से की जा सकती है। आप आगे दी गई तालिका को पूरा कीजिए। पहले नाम लिखिए, फिर इनकी प्रशंसा में एक-एक वाक्य लिखिए। शर्त यह है कि प्रत्येक बार अलग तरह से प्रशंसा करनी है-

**उत्तर** – (छात्रों को पुस्तक में स्वयं करने को कहें।)

**सराहना की तालिका**

| | नाम | प्रशंसा या सराहना का वाक्य |
|---|---|---|
| स्वयं | राकेश | मैं बुद्धिमान हूँ। |
| परिजन | पिताजी | मेरे पिताजी बहुत परिश्रमी है। |
| शिक्षक | सोहन सर | सोहन सर अच्छा पढ़ाते हैं। |
| मित्र | राकेश | राकेश मेरा सच्चा मित्र है। |
| पशु | गाय | गाय बहुत सुन्दर है। |
| स्थान | पार्क | मुझे पार्क के पेड़-पौधे अच्छे लगते हैं। |
| सब्ज़ी | मूली | मुझे मूली के पराठे पसन्द हैं। |
| पेड़ | आम | आम के पेड़ पर बड़े रसीले आम लगते हैं। |

## चित्रात्मक सूचना (इंफोग्राफिक्स)

नीचे दिए गए चित्र को देखिए। इसमें चित्रों के साथ-साथ बहुत कम शब्दों में कुछ जानकारी दी गई है। इसे चित्रात्मक सूचना कहते हैं।




**(क) इस 'चित्रात्मक सूचना' के आधार पर मॉरिशस के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए।**

**उत्तर – (छात्रों को कॉपी में स्वयं करने को कहें।)**

**मॉरिशस पर अनुच्छेद**

साल 1834 में 2 नवम्बर को एटलस नाम का जहाज भारतीय मज़दूरों को लेकर मॉरिशस पहुँचा था जिसे वहाँ पर अप्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मॉरिशस में भारतीय मूल के लोगों की आबादी देश में 68% से ज्यादा है।

इनमें से ज्यादातर बिहार के थे लेकिन तमिल, तेलुगू और मराठियों की तादाद भी अच्छी खासी थी। ब्रिटिश शासक गन्ने के खेतों में काम करने के लिए भारतीय मज़दूरों को वहाँ ले गए थे। यही वजह है कि मॉरिशस की संस्कृति में भोजपुरी गीतों और हिन्दी फिल्मों का खास योगदान है। मॉरिशस के पहले प्रधानमंत्री शिवसागर रामगुलाम भी भारतीय मूल के थे।

**(ख) अपनी पसंद के किसी विषय पर इसी प्रकार की 'चित्रात्मक सूचना' की रचना कीजिए। जैसे - आपका विद्यालय कोई विशेष दिवस, आपके जीवन को कोई विशेष घटना आदि।**

**उत्तर – (छात्रों को 'चित्रात्मक सूचना' कॉपी में बनाने को कहें।)**




## हस्ताक्षर

हो सकता है अभी आपने अपने हस्ताक्षर निर्धारित न किए हों। यदि नहीं भी किए हैं तो कोई बात नहीं। आप चाहें तो आज भी अपने हस्ताक्षर निर्धारित कर सकते हैं।

नाचे लिए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर पाँच बार कीजिए। ध्यान रखें कि आपके हस्ताक्षर एक जैसे ही अलग-अलग न हो।

**उत्तर –** (छात्रों को पुस्तक में स्वयं के हस्ताक्षर करने को कहें।)

## पत्र

**यहाँ 'दिनकर' का लिखा एक पत्र दिया जा रहा है। इसे पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए। पत्र पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने समूह में मिलकर खोजिए-**

नई दिल्ली
8-7-67
मान्यवर चतुर्वेदी जी,

आपका कृपा-पत्र मिला। मेरा स्वास्थ्य इधर बहुत गिर गया है और संयम के बावजूद तेज़ी से सुधर नहीं रहा है। मेरा चित्त अभी भी दबा हुआ है। ऐसी अवस्था में मैंने दो सप्ताह के लिए मॉरिशस जाना स्वीकार कर लिया है। 15 जुलाई को प्रस्थान करना है। लौटना शायद 5 अगस्त तक हो।
आपके आशीर्वाद की कामना करता हूँ।

आपका दिनकर
सफदरजंग लेन, नई दिल्ली

**उत्तर –** (छात्रों को पुस्तक में प्रश्नों के सामने स्वयं उत्तर लिखने को कहें।)

**(क) पत्र किसने लिखा है?**
**उत्तर –** रामधारी सिंह 'दिनकर' ने पत्र लिखा है।

**(ख) पत्र किसे लिखा गया है?**
**उत्तर –** पत्र चतुर्वेदी जी को लिखा गया है।

**(ग) पत्र किस तिथि को लिखा गया है?**
**उत्तर –** पत्र 8-7-67 को लिखा गया है।

**(घ) पत्र किस स्थान से लिखा गया है?**
**उत्तर –** पत्र सफदरजंग लेन, नई दिल्ली से लिखा गया है।

**(ङ) पत्र पाने वाले के नाम से पहले किस शब्द का प्रयोग किया गया है?**
**उत्तर –** पत्र पाने वाले के नाम से पहले 'मान्यवर' शब्द का प्रयोग किया है।

**(च) पत्र-लेखक ने अपने नाम से पहले अपने लिए क्या शब्द लिखा है?**
**उत्तर –** पत्र-लेखक ने अपने नाम से पहले 'आपका' शब्द लिखा है।

## उलझन सुलझाओ

**(क) "जहाज नैरोबी से चार बजे शाम को उड़ा और पाँच घण्टों की निरंतर उड़ान के बाद जब वह मॉरिशस पहुँचा, तब वहाँ रात के लगभग दस बज रहे थे।"**

जहाज नैरोबी से शाम 4 बजे उड़ा तो उसे 5 घण्टों की उड़ान के बाद रात 9 बजे मॉरिशस पहुँचना चाहिए था। लेकिन वह पहुँचा लगभग दस बजे। क्यों?

उत्तर – टाइम जोन अलग-अलग होने की वजह से जहाज़ नैरोबी से शाम 4 बजे उड़ा और रात 10 बजे मॉरिशस पहुँचा।

**(ख) नीचे दो घड़ियों के चित्र दिए गए हैं। एक घड़ी भारत के समय को दिखा रही है। दूसरी घड़ी दिखा रही है कि उसी समय मॉरिशस में कितने घण्टे और मिनट हुए हैं।**

इन घड़ियों के अनुसार नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-




उत्तर – (छात्रों से कक्षा में ही उत्तर सुनें। )

**(i) भारत में क्या समय हुआ है?**

उत्तर – भारत में 5:20 हो रहे हैं।

**(ii) मॉरिशस में क्या समय हुआ है?**

उत्तर – मॉरिशस में 3:50 हो रहे हैं।

**(iii) मॉरिशस और भारत के समय में कितने घण्टे और मिनट का अंतर है?**

उत्तर – मॉरिशस और भारत के समय में 1 घण्टे और 30 मिनट का अंतर है।

**(iv) सूर्योदय भारत में पहले होगा या मॉरिशस में?**

उत्तर – सूर्योदय भारत में पहले होगा।

**(v) जिस समय भारत में दोपहर के 12 बजे होंगे उस समय मॉरिशस की घड़ियाँ कितना समय दिखा रही होंगी?**

उत्तर – जिस समय भारत में दोपहर के 12 बजे होंगे, उस समय मॉरिशस की घड़ियाँ 10:30 समय दिखा रही होंगी।

## आज की पहेली

**आज हम आपके लिए एक अनोखी पहेली लाए हैं। यहाँ एक वाक्य दिया गया है। आपको पता करना है कि इसका क्या अर्थ है-**

संकेत - क ⟵ ख

**येला मालथ येला घौलश।**

उत्तर –

## <u>खोजबीन के लिए</u>

**नीचे दी गई रचनाओं को पुस्तक में दिए गए क्यू. आर. कोड की सहायता से पढ़ें, देखें व समझें-**

- चाँद का कुर्ता
- मिर्च का मजा
- राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जीवनी
- हिमालय के पर्वतीय प्रदेश की मनोरम यात्रा

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

**1. चाँद का कुर्ता (रामधारी सिंह दिनकर)**

यह एक कल्पनापूर्ण और प्यारी कहानी है जिसमें चाँद को एक बच्चे की तरह दिखाया गया है।

**चाँद** का पुराना कुर्ता फट गया है, और वह नया कुर्ता सिलवाने के लिए **दर्ज़ी** के पास जाता है। दर्जी चाँद के आकार को देखकर परेशान हो जाता है क्योंकि चाँद कभी बढ़ता है, कभी घटता है!

कहानी के माध्यम से बच्चों में **कल्पनाशक्ति**, **मासूमियत**, और **प्रकृति के बदलते रूप** को समझने की प्रेरणा दी गई है।

---

**2. मिर्च का मजा (रामधारी सिंह दिनकर)**

यह एक **हास्यपूर्ण घटना** पर आधारित रचना है। इसमें लेखक ने मजाकिया ढंग से बताया है कि कैसे किसी ने समझकर या बिना समझे तीखी मिर्च खा ली और फिर उसकी प्रतिक्रिया कैसी रही।

रचना के माध्यम से यह बताया गया है कि भोजन में स्वाद के साथ-साथ सावधानी भी जरूरी है।

**हँसी-मजाक और चटपटी घटनाओं** से भरपूर यह कहानी बच्चों को खूब आनंदित करती है।

---

**3. राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जीवनी**

इस जीवनी में **रामधारी सिंह 'दिनकर'** के जीवन, संघर्ष और साहित्यिक योगदान का वर्णन है।

- दिनकर जी ने अपने लेखन के माध्यम से देशभक्ति, समाज सुधार और वीरता के संदेश दिए।
- उनकी प्रमुख रचनाएँ — *'रश्मिरथी', 'परशुराम की प्रतीक्षा'* आदि हैं।
- वे अपनी **ओजस्वी भाषा** और **भावनात्मक कविताओं** के लिए प्रसिद्ध हुए।
  यह जीवनी हमें प्रेरित करती है कि हम भी कठिनाइयों के बावजूद अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें।

---

**4. हिमालय के पर्वतीय प्रदेश की मनोरम यात्रा**

यह एक **यात्रा-वर्णन** है जिसमें **रामधारी सिंह 'दिनकर'** ने हिमालय क्षेत्र की **सुंदरता**, **शांत वातावरण** और **प्राकृतिक दृश्यों** का सजीव चित्रण किया है।

- ऊँचे-ऊँचे पर्वत, कलकल बहती नदियाँ, ठंडी हवाएँ, और हरियाली का जिक्र किया गया है।
- यात्रा के दौरान अनुभव किए गए रोमांच और आनंद को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया गया है।
  यह रचना हमें प्रकृति से प्रेम करने और उसे संरक्षित रखने का संदेश भी देती है।